ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 12-04-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-04-12 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-04-13	2021-04-14	2021-04-15	2021-04-16	2021-04-17
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	1.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	37.0	38.0	38.0	38.0
न्यूनतम तापमान(से.)	13.0	14.0	15.0	14.0	13.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	45	45	50	55
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	15	15	20	20	25
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	12.0	12.0	16.0	16.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	310	320	50	50
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	1	5	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (5 – 11 अप्रैल, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 34.5 से 36.6 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 10.9 से 21.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 39 से 72 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 10 से 27 प्रतिशत एवं हवा 1.3 से 5.8 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, 15 व 16 को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है, आमतौर पर मौसम साफ रहेगा।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 37.0 से 38.0 व 13.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0-16.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। 16 अप्रैल को कहीं-कहीं तेज हवाओं के 30 से 40 किमी/घं◌ाटे की गति से चलने की भी सम्भावना व्यक्त की गई है। ईआरएफएस के अनुसार 18 से 24 अप्रैल के दौरान जिले में वर्षा के सामान्य तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.2-0.35 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 15 व 16 को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है, आमतौर पर मौसम साफ रहेगा।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 37.0 से 38.0 व 13.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा|

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	विलम्भ से बोई गई गेंहूॅ या जौ की फसल अभी हरी हो तो शाम के समय हल्की सिंचाई करें। सिंचाई मौसम को ध्यान में रखकर करें।इससे गेहूॅ के दाने सुडौल होंगे। अन्यथा पानी की कमी के कारण गेहूॅ के दाने सिकुड़ने की सम्भावना रहती है। तेज हवा चल रही हो तो सिंचाई न करें।
सूरजमुखी	फसल में निराई गुड़ाई कर खरपतवारो को निकाल लें। गुड़ाई के समय पौधो की जड़ो पर 10-15 सेमी मिट्टी भी चड़ा दें।
अदरक	अदरक की बुवाई करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	आम के हॉपर को नियंत्रित करने के लिए, 1 मिली इन्डोक्साकार्ब़ + एसिटामिप्रिड और 0.5 मिली स्टीकर को प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करना चाहिए।
हल्दी	हल्दी की बुवाई करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	इस गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूय पिलाये।
गाय	व्यस्क पशुओं में खुरपका व मुॅहपका नामक बीमारी का टीकाकरण करवाने से 15 दिन पहले कृमिनाशक दवाई का इस्तेमाल अवश्य करें।